सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 24 जून, 2022

राजभवन में शुक्रवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान साइबर अपराध व पुलिस ट्रेनिंग के मार्डनाइजेशन पर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गयी।

राज्यपाल ने कहा कि नरेन्द्र नगर स्थित ट्रेनिंग सेन्टर को श्रेष्ठ ट्रेनिंग सेन्टर के रूप में स्थापित कर उच्च गुणवत्तापूर्वक प्रशिक्षण पर कार्य किया जाय। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग जितनी उच्च कोटी की होगी उतने ही बेहतर परिणाम होंगे। राज्यपाल ने आधुनिक पुलिसिंग और पुलिस चुनौतियों को मध्यनजर रखते हुए ठोस योजना और व्यापक रोड मैप तैयार करने को कहा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि 21वीं सदी उत्तराखण्ड की होगी। इसके लिए राज्य की परिस्थितियों के दृष्टिगत पुलिस अधिकारियों को अद्यतन एवं विविध प्रशिक्षण प्रदान करने पर जोर देना होगा। उन्होने अधिकारियों से पुलिस फोर्स के मार्डनाइजेशन एवं नवीन तकनीकों को अपनाते हुए भविष्य के लिए ठोस योजना तैयार करने को कहा। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड के पुलिस अधिकारियो को आधुनिकतम तकनीक एवं संसाधनों की सहायता से प्रशिक्षित कर दक्ष, व्यावसायिक एवं संवेदनशील बनाना होगा। पुलिस को साइबर अपराधों को रोकने के लिए हर सम्भव कदम उठाने चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि पुलिस को डिजिटल तकनीकों तथा आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स के क्षेत्र में भी ध्यान केन्द्रित करना चाहिए।बैठक में पुलिस विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

...........0............

सूचना परिसर राजभवन टेली0 फै0–0135.2756172